दिन– मंगलवार दिनांक– 28/04/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने आज पटना के बिहटा स्थित नव निर्मित प्रोद्यौगिकी केन्द्र का उद्घाटन किया। इसके साथ ही पटना, मुजफ्फरपुर, रोहतास, दरभंगा और मुंगेर में एक्सटेंशन सेंटर का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि इन प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से युवाओं का कौशल विकास होगा और उन्हें रोजगार के नये अवसर प्राप्त होंगे। वहीं, केंद्रीय मंत्री श्री मांझी ने अपने संबोधन में पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे देशभर में छोटे उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न प्रौद्योगिकी केंद्रों के माध्यम से छोटे और मंझौले उद्यमियों को विशेष सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इससे वे विकसित भारत बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगे।

——————————————————

विधान परिषद की भोजपुर–बक्सर स्थानीय प्राधिकार कोटे की एक सीट पर बारह मई को होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार का कार्य तेज हो गया है। कल नाम वापसी के अंतिम दिन किसी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। इसके बाद एनडीए की ओर से जदयू के कन्हैया प्रसाद और महागठबंधन की ओर से राजद के सोनू कुमार राय समेत सभी छह उम्मीदवार चुनाव मैदान में डटे हैं।

——————————————————

जदयू के युवा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार तीन और चार मई को राज्य के विभिन्न भागों में सद्भाव यात्रा करेंगे। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने आज पटना स्थित जदयू कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निशांत कुमार की यात्रा पश्चिम चंपारण से शुरू होगी। इस दौरान पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

——————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण राज्य के अधिकतर भागों में मौसम में बड़ा बदलाव दर्ज किया गया है। इसके प्रभाव से पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और लू की चपेट में रहे राज्य के दक्षिणी भागों में आज कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश दर्ज की गई है। इससे तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी आई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में आंधी–बारिश की संभावना है। विभाग ने मधुबनी, किशनगंज, पटना, बेगूसराय, मुंगेर, भागलपुर, औरंगाबाद, गया समेत कई स्थानों पर तेज आंधी के साथ भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है।

————————————————————

प्रदेश में जनगणना के तहत स्व–गणना का काम सुचारू रूप से जारी है। अब तक सत्ताईस लाख पचहत्तर हजार से अधिक लोग स्व–गणना की प्रक्रिया में शामिल हुये हैं। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में जनगणना को लेकर हुई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी गयी। बैठक में बताया गया कि राज्य में मकान सूचीकरण और मकान गणना का कार्य बढ़कर निन्यानवे दशमलव छह चार प्रतिशत तक पहुंच गया है। राज्य के तैंतीस जिलों ने जियो–टैगिंग और सीमांकन दोनों में सौ प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है। स्व–गणना की प्रक्रिया एक मई तक चलेगी।

————————————————————

गोपालगंज की विशेष एमपी एमएलए अदालत ने कुचायकोट से जदयू विधायक अमरेंद्र पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय और सीए राहुल तिवारी की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई सात मई को होगी।

————————————————————

इंडियन इन्क्लूसिव पार्टी के प्रमुख और सहरसा से विधायक आईपी गुप्ता एक आपराधिक मामले में आज शेखपुरा की न्यायिक दंडाधिकारी के सामने उपस्थित हुए। न्यायिक दंडाधिकारी ने उन्हें दस–दस हजार रुपये के निजी मुचलके पर इस मामले में जमानत दे दी है।

————————————————————

मुंगेर विश्वविद्यालय प्रशासन ने आज से शुरू होने वाली स्नात्कोत्तर प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा अगले आदेश तक स्थगित कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा है कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र नहीं मिलने के कारण ये निर्णय किया गया है।

---

अररिया के जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के विभिन्न भागों में अवैध रूप से चलाए जा रहे नर्सिंग होम, पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी की गयी। इस दौरान पलासी प्रखंड में एक अस्पताल को सील कर इसके संचालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।